# अतिवृष्टि और बाढ़ से निबटने की पूरी तैयारी रखें : कलेक्टर



## समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में दिए निर्देश

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में मानसून आ चुका है। ऐसे में अतिवृष्टि और बाढ़ के संभावित खतरे को देखते हुए इससे निपटने की तैयारियाँ रखें। मानसून के समय में होने वाली संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए मेडीकल की टीमें गठित करें जिससे आपात स्थिति में तत्काल टीमें रवाना की जा सके। जो भवन जर्जर हालत में हैं उनकी नियमानुसार ध्वस्तिकरण की कार्यवाही कराएं। किसी भी जर्जर भवन में कोई भी स्कूल संचालित न किया जाए।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि टीएल के समस्त प्रकरणों का निराकरण कराते हुए समय पर प्रकरण विलोपित कराएं। उच्च न्यायालय के अवमानना के प्रकरणों के संबंध में उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग कम्पलाईंस के प्रतिवेदन माननीय न्यायालय में प्रस्तुत करें तथा पावती की एक प्रति जिला शाखा में जमा कराएं। इसी प्रकार रिट पिटिशन के प्रकरणों में समुचित जवाब लगवाएं, जिससे यह प्रकरण आगे अवमानना में न जा सके। जल गंगा संवर्धन अभियान के विषय में समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि अभियान लगभग समाप्ति की ओर है सभी एसडीएम अभियान के कामों की पूर्णता कराते हुए पोर्टल पर देयकों के प्रविष्टि की समीक्षा करें जिससे जिले की प्रगति प्रदर्शित हो सके। सीएम डैशबोर्ड के संबंध में उन्होंने कहा कि जिले की रैंकिंग संतोषजनक नहीं है सभी विभाग निर्धारित इंडीकेटर्स के अनुसार कार्यवाही करते हुए अपने बेसिस प्वाईंट बढ़ाएं जिससे विभागीय रैंकिंग बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि पीएचई के रिवाईज्ड प्लान स्वीकृत होकर आ गए हैं। सभी स्कीमों में समय पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि बीजांकुर अभियान के अंतर्गत एक कार्यक्रम शनिवार को नैनपुर विकासखंड में आयोजित किया जा चुका है। सभी एसडीएम तथा सीईओ जनपद पंचायत आपस में समन्वय कर इस सप्ताह में प्रत्येक जनपद पंचायत क्षेत्र में चिन्हित किए गए स्थलों पर एक कार्यक्रम अवश्य आयोजित कराएं। उन्होंने कहा कि धरती आबा के अंतर्गत 15 जून से शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। संबंधित विभाग इन शिविरों में पहुंचकर सेचुरेशन मोड पर अपनी योजनाओं से शतप्रतिशत आच्छादन कराना सुनिश्चित करें। खरीफ सीजन को देखते हुए उर्वरक भंडारण एवं वितरण के संबंध में उन्होंने कहा कि कृषकों से खाद एवं बीज के संबंध में समस्याएं न आएं। बैठक के दौरान समग्र ईकेवाईसी, फूड ईकेवाईसी, आईटीआई तथा पॉलीटेक्निक कॉलेज में एडमिशन, मिशन कर्मयोगी, ईऑफिस, एपीसी की बैठक, सीएम हेल्पलाईन, अनुकंपा नियुक्ति तथा रानी दुर्गावती बलिदान दिवस आयोजन सहित अंतर्विभागीय बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, समस्त एसडीएम सहित सभी जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्राचार्य आईटीआई को सीएम हेल्पलाइन के शत प्रतिशत निराकरण के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मई माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में श्री के.एस. बरकड़े प्राचार्य आईटीआई को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें।



इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## टूट कर गिर गया हाकर्स जोन

### ठेकेदार की लापरवाही, खाई में गिरे वाहन

### नपा के निर्माण कार्यों की खुली पोल

**मंडला, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के मंडला जिले में निर्माण कार्य गुणवत्ता को ताक में रखकर किया जा रहे हैं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता की कमी दिखाई दे रही है घटिया निर्माण संपूर्ण मंडला जिले में किया जा रहे हैं जिला मुख्यालय मंडला नगर में स्थित उदय चैक में निर्माणधीन हार्कस जॉन अचानक गिर गया उदय चैक में खाई में हार्कस जॉन का निर्माण किया जा रहा था कई लाख रुपयों की लागत से यह निर्माण किया जा रहा था लेकिन ठेकेदार जिला की वजह से अचानक यह टूटकर गिर गया बताया जा रहा है कि मटेरियल ज्यादा रख दिया गया था पदार्थ के दबाव की वजह से और घटिया निर्माण के कारण हार्कस जॉन का हिस्सा टूट गया है जानकारी मिली है कि यहां पर वाहन खड़े हुए थे जो खाई में गिर गए हैं इस बात को लेकर नगर के नागरिकों और व्यापारियों में रोष बढ़ गया है नागरिकों की नाराजगी इस बात को लेकर बढ़ गई है और संबंधित जवाबदारी ठेकेदार को बचाने में लगे हुए हैं नागरिकों की मांग है कि ठेकेदार के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही की जाए और इसे तत्काल यहां से हटाकर किसी दूसरे ठेकेदार को काम दिया जाए काम भी सही तरीके से नहीं कराया जा रहा है और तेजी के साथ काम पूरा करने की कोशिश नहीं की जा रही है नगर पालिका परिषद मंडला इस मामले में मौन क्यों है यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सार-समाचार

### लोकसेवा प्रबंधन केन्द्र निवास फर्म नायक ट्रेडर्स को कारण बताओ नोटिस जारी

**मंडला, देशबन्धु।** म.प्र. लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र निवास का जिला प्रबंधक लोकसेवा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। संबंधित सेवा केन्द्र में निर्धारित सुविधाएं एवं अनिवार्यताएं पूरी नहीं पाए जाने के कारण फर्म नायक ट्रेडर्स प्रोप्राईटर नंदन जैन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान केन्द्र में सीसीटीवी कैमरों का बंद होना, अधिनियम अंतर्गत अधिसूचित विभागों के सेवाओं संबंधी फ्लेक्स का अद्यतन नहीं होना, केन्द्र में आरएफपी अनुसार अनिवार्यत: महिला ऑपरेटर/कर्मचारी का नहीं पाया जाना, आवेदन पंजी तथा उपस्थिति पंजी का संधारण न होना, शुल्क संबंधी जानकारी चस्पा नहीं किया जाना तथा आवेदकों से निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लिया जाना पाया गया। निरीक्षण के संबंध में तहसीलदार निवास की ओर से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर कार्यालय कलेक्टर लोकसेवा की ओर से संबंधित फर्म नायक ट्रेडर्स संचालक श्री नंदन जैन लोकसेवा केन्द्र निवास को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही आरएफपी कंडिका 5 के अनुसार पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पदम पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 जून तक

**मंडला, देशबन्धु।** म.प्र. शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के तारतम्य में विगत वर्षों की भांति वर्तमान वर्ष में भी म.प्र. शासन गृह विभाग द्वारा निर्मित अवार्ड पोर्टल पर जिला स्तर से पदम पुरस्कारों के लिए योग्य व्यक्तियों के नामांकन ऑनलाईन ही प्रेषित किए जाने हैं। जिला स्तर से पदम पुरस्कार हेतु प्रतिभागियों को चयन कर उनके नामांकन एवं आवश्यक दस्तावेज गृह विभाग के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन 30 जून 2025 तक किया जा सकता है।

### अधीक्षण अभियंता को सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में 99.81 वेटेज स्कोर के लिए मिला प्रशस्ति पत्र

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मई माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में अधीक्षण अभियंता मो. अयूब खान को 99.81 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### लोकसेवा केन्द्र में अधिक शुल्क वसूलने पर पांच विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को नोटिस जारी

**मंडला, देशबन्धु।** जिला प्रबंधक लोक सेवा मंडला द्वारा लोक सेवा केन्द्र निवास का औचक निरीक्षण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री तिलेन्द्र भाकरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक स्कूल शिक्षा विभाग निवास सुनील कुमार दुबे, महिला एवं बाल विकास विभाग निवास परियोजना अधिकारी दीपशिखा विश्वकर्मा, स्कूल शिक्षा विभाग निवास विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण पटेल तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग निवास वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अनीता उपाध्याय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। आवेदकों से लोक सेवा केन्द्रों में प्रति आवेदन की निर्धारित शुल्क राशि से अधिक शुल्क वसूल किया जा रहा था। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है।

### जिले में 20.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंडला, देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 जून 2025 के दौरान 119.7 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 63.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत् वर्ष की तुलना में इस वर्ष 56.3 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जून 2025 को मंडला में 36 मि.मी., नैनपुर में 13, बिछिया में 15.8, निवास में 21.4, घुघरी में 7.6 मि.मी. एवं नारायणगंज में 31.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 23 जून 2025 को 20.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### शिकायत निवारण हेतु अस्थाई उपभोक्ता सेवा केन्द्र पॉवर हाऊस मंडला में स्थापित

**मंडला, देशबन्धु।** अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) म.प्र. पूर्व क्षेत्र वि.वि.कं.लि. मंडला ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु, अस्थाई उपभोक्ता सेवा केन्द्र पॉवर हाऊस मण्डला में स्थापित किया गया है। मण्डला वृत्त के अंतर्गत उपभोक्ताओं द्वारा दर्ज शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु अस्थाई उपभोक्ता सेवा केन्द्र पॉवर हाऊस मण्डला में स्थापित किया गया है, जिस हेतु वृत्त मण्डला के अधीनस्थ पदस्थ श्री चंद्र प्रकाश सिंह, सहायक अभियंता (संचा/संधा) उपसंभाग मण्डला मोबाईल नम्बर 9425806237 को अस्थाई उपभोक्ता सेवा केन्द्र (दूरभाष क्रमांक 07642-251130) का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।






## भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**मंडला, देशबन्धु।** 23 जून को जिला भाजपा कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर श्री मुखर्जी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्वलित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा पर आधारित था। वे मानते थे कि भारत केवल एक राजनीतिक सत्ता नहीं बल्कि एक सांस्कृतिक इकाई है जिसकी आत्मा सनातन भारतीय परंपराओं में निहित है। मुख्य वक्ता रोचीराम गुरवानी ने कहा कि मुखर्जी जी का मानना था कि सभी भारतीय चाहे उनकी भाषा जाति या धर्म कुछ भी हो एक साझी संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं। उन्होंने शिक्षा राजनीति समाज और संस्कृति के सभी क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे वर्ष 1929 में बंगाल विधान परिषद के सदस्य बने और 1934 से 1938 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति भी रहे। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि आज हम सब यहां एक महान राष्ट्रभक्त दूरदर्शी नेता आदर्श शिक्षाविद् और हम सब के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र हुए हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसी परम पुण्यात्मा हैं जिन्होंने देश में दो निशान दो विधान और दो प्रधान के कानून को ठुकराते हुए अखंड भारत के लिए 23 जून 1953 को अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। 23 जून को न केवल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के रूप में मनाया जाता है बल्कि संविधान से अनुच्छेद 370 को हटाने के संकल्प दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन लगाया। वे कभी सत्ता पर बैठने के लिए नहीं आए थे। वे अनेक बार सत्ता में आए और हमेशा विचारधारा के लिए सत्ता का त्याग भी किए थे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत का विभाजन नहीं होने देना चाहते थे। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का संकल्प लिया कि बंगाल के हिंदुओं के हितों की उपेक्षा नहीं की जाए। उनके प्रयासों से हिंदुओं के हितों की रक्षा हुई और कोलकाता बंदरगाह भी पूर्वी पाकिस्तान को सौंपे जाने से बच गया था। कार्यक्रम पश्चात मुखर्जी जी की स्मृति में भाजपा कार्यालय मण्डला में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगर अध्यक्ष रानू राजपूत, जिला उपाध्यक्ष पारस असरानी, अखिल सिहारे, श्रीमती सुषमा मिश्रा, सुश्री शशि पटेल, वरिष्ठ कार्यकर्ता पी.एल. डोंगरे कार्यक्रम सह संयोजक रवि सोनवानी, नगर महामंत्री सौरभ गुप्ता, मयंक विश्वकर्मा के साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम पश्चात भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष स्व.श्री सुनील नामदेव जी को दी गयी श्रदांजलि।



## कोटवार संघ की प्रांतीय बैठक में शामिल हुए मंडला संगठन के पदाधिकारी

**मंडला, देशबन्धु।** भोपाल के लाल परेड मैदान के पास लाल मैरिज हॉल में मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आवाहन पर जिला अध्यक्षों एवं प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 20 जून को संपन्न हुई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मण्डला जिला संगठन की ओर से प्रदेश प्रवक्ता शंकर दास पड़वार एवं कुंवर दास धार्वैया सामिल हुए। मध्यप्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी के जिम्मेदार पदाधिकारियों के द्वारा इस प्रांतीय बैठक में कोटवारों की लंबित मांगों को पूरा करने में सरकार की आनाकानी को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है,कि शासन के द्वारा कोटवार हित में पूर्व में की गई घोषणाओं के साथ-साथ जायज और लंबित मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किए जाने पर,सरकार के सामने संवैधानिक तरीके से बात रखने जल्द ही विशाल प्रांतीय आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा। जिसके लिए प्रदेश के सभी 38000 कोटवारों को तैयार रहने की अपील की गई है।

### सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के लिए लोक सेवा प्रबंधक को प्रशस्ति पत्र

**मंडला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मई माह के सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण में कविता गुप्ता जिला प्रबंधक लोक सेवा को 100 वेटेज स्कोर के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिकायत के निराकरण में संतुष्टि स्तर को बेहतर रखें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ सहित समस्त एसडीएम तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## इनटेन्सिव मोड पर करें टीबी के मामलों की पहचान और उपचार : डायरेक्टर एनएचएम

### वीसी के माध्यम से दिए निर्देश



**मंडला, देशबन्धु।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत चलाए गए नि:क्षय भारत के पायलट प्रोजेक्ट के बाद प्रदेश के सभी जिलों में टीबी के मरीजों की पहचान करने एवं सेचुरेशन मोड पर उपचार के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में सोमवार को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की सचिव तथा मिशन डायरेक्टर एनएचएम की अध्यक्षता में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मिशन डायरेक्टर ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान की सफलता के लिए जरूरी है कि हम टीबी के मामलों की पहचान और उपचार इनटेन्सिव मोड पर करें। इसके लिए सभी जिलों में आवश्यक टूल्स और अन्य उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

जिनकी सहायता से इस कार्य को पूर्ण कराना है। उन्होंने सुझाव दिया कि सभी कलेक्टर इस अभियान के लिए जनप्रतिनिधियों और अन्य स्टेक होल्डर्स की संवेदीकरण कार्यशालाओं का आयोजन भी करें। कार्यशालाओं में जनपद और पंचायत स्तरीय जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करें। बैठक में अभी तक केवल टीबी के मरीजों को प्रदाय किए जा रहे फूड बास्केट के साथ-साथ आपदाग्रस्त परिवारजनों के लिए भी फूड बास्केट उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। मंडला गोलमेज कक्ष से इस वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट तथा संबंधित मिशन के डीपीसी श्री गौरव साहू शामिल हुए।

## इनर व्हील क्लब मंडला मेकल का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम आयोजित



**मंडला, देशबन्धु।** इनर व्हील क्लब मंडला मेकल द्वारा आज स्थानीय होटल में भव्य इंस्टॉलेशन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उपस्थित सदस्यों को प्लास्टिक मुक्त भारत एवं महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### श्रद्धा तपा बनीं नई अध्यक्ष

इस गरिमामयी अवसर पर क्लब की नई अध्यक्ष श्रद्धा तपा को विधिवत कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा गया। साथ ही, नए सत्र के अन्य पदाधिकारियों को भी कार्यभार सौंपा गया, जिनमें सचिव सुनीता पमनानी, कोषाध्यक्ष रुबी तपा, आई.एस.ओ. प्रिया पमनानी और एडिटर आरती बृजपुरिया शामिल हैं। समारोह में क्लब की नव शामिल सदस्यों का भी हर्षपूर्वक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की सक्रियता, सेवा भावना और समाज के प्रति प्रतिबद्धता विशेष रूप से देखने को मिली। इस अवसर पर क्लब की सदस्याएं कृ श्रद्धा तपा, सुनीता पमनानी, मोना जैन, रूबी तपा, आरती ब्रजपुरिया, गीता कल्पीवार, अनु चैरसिया, आरती तिवारी, रिया तपा, कमला बानी, सरिता इसरानी, अनिता चंद्रोल, कविता गुप्ता, अनुराधा चैरसिया, प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, दीपा खंडेलवाल, जाया सराफ, अनिता गोयल, तृप्ति गोयल, अनिता राय, त्रिवेणी पटेल, सीमा ज्योतिषी, वंदना पटेल, अंकिता केशवानी, अंजुलता मरावी, निहारिका उइके, अल्का जैन एवं कंचन छत्री प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में पूर्व अध्यक्ष मोना जैन ने सभी अतिथियों, सदस्यों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## कुलदीप ट्रेडर्स की बीज गोदाम सील, गुणवत्ता जांच जारी

**मंडला, देशबन्धु।** किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और मानक उर्वरक सुनिश्चित कराने की शासन की मंशा के तहत कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देश पर कृषि विभाग लगातार कृषि सेवा दुकानों का औचक निरीक्षण कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को एसडीओ कृषि मधु अली ने फूलसागर स्थित कुलदीप ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बीज विक्रय को लेकर अनियमितता पाए जाने पर गोदाम को सील करने की कार्रवाई की गई। एसडीओ कृषि मधु अली ने बताया कि यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित दुकानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग के द्वारा की जा रही औचक निरीक्षण के दौरान घुघरी विकासखंड के सलवाह में बिना वैध लायसेंस के संचालित खाद-बीज की 3 दुकानों पर नियमानुसार कार्यवाही की गई। निरीक्षण के दौरान सलवाह के रामजी किराना मार्ट, जितेन्द्र ट्रेडर्स तथा सावित्री बाई चैधरी गल्ला दुकान में बिना लायसेंस के खाद-बीज का विक्रय होना पाया गया।

